NEWS18 हिंदी

# शिकायत मिली नकली मोबाइल पार्ट्स की, पुलिस ने छापा मारा तो उड़ गए होश



पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने शराब कोरियर के जरिए बेगूसराय तक मंगवाई थी. वहीं गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उनके रिश्तेदार के यहां पर शादी समारोह था जिसके लिए ट्रेन के जरिए कार्टून में शराब मंगवाई गई थी. (प्रतीकात्मक फोटो)

बेगूसराय में बड़ी कार्रवाई, मोबाइल (Mobile) की दो दुकानों से पुलिस ने जब्त की 800 बोतल विदेशी शराब, आरोपी पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार.


- NEWS18HINDI
- **LAST UPDATED:** JANUARY 20, 2020, 6:36 PM IST


**पटना.** बिहार में शराबबंदी के बाद से ही इसकी तस्करी जोरों पर है. हालांकि पुलिस (Police) हर तरीके से इसे रोकने की कोशिश कर रही है लेकिन बदमाश इसके लिए नए नए तरीके भी खोजने से बाज नहीं आ रहे हैं. ऐसा ही एक मामला बेगूसराय में देखने को मिला. डुप्लीकेट मोबाइल पार्ट्स की शिकायत मिलने पर जब पुलिस ने एक दुकान पर छापा मारा तो जो दिखा वो देख सभी के होश उड़ गए.

दुकान में 800 से ज्यादा विदेशी शराब की बोतलें मौजूद थीं. पुलिस ने यह कार्रवाई दो दुकानों पर की. यहां पर शराब के साथ ही करीब एक लाख रुपये की नकली सामग्री के चार पैकेट भी बरामद किए गए. दरअसल पुलिस में रोबोटेक कंपनी के अधिकारियों ने इन दो दुकानों में डुप्लीकेट मोबाइल (Mobile) पार्ट्स रखने की शिकायत की थी. जिसके बाद पुलिस यहां पर छापेमारी के लिए पहुंची थी. पुलिस ने आरोप में दुकान के मालिक कन्हैया साह और उसके बेटे पिंटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है.

**कोरियर से मंगाई थी शराब**

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने शराब कोरियर के जरिए बेगूसराय तक मंगवाई थी. वहीं गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उनके रिश्तेदार के यहां पर शादी समारोह था जिसके लिए ट्रेन के जरिए कार्टून में शराब मंगवाई गई थी. अब पुलिस इस जांच में जुटी है कि यदि ट्रेन से शराब मंगवाई गई तो वह यहां तक पहुंच केसे गई.

**दिल्ली निर्मित है शराब**

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से जब्त की गई 800 बोतल विदेशी शराब दिल्ली निर्मित है. चौंकाने वाली बात यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब को किस तरह से ट्रेन के जरिए या फिर कोरियर से मंगवाया गया. वहीं पुलिस यह भी पता लगा रही है कि कहीं ये व्यापारी शराब का कारोबार तो नहीं कर रहे थे.

Source: https://hindi.news18.com/news/bihar/police-sized-800-liquor-bottles-from-a-mobile-shop-in-begusarai-brsbs-nodss-2788213.html